**Series : Y5XWZ**

**SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **80***

| | नोट | # | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं। | (I) | Please check that this question paper contains **19** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। | (III) | Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

**_सामान्य निर्देश :_**

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में ***30*** प्रश्न हैं। ***सभी*** प्रश्न ***अनिवार्य*** हैं।

*(ii)* प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।

*(iii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या **19** से **23** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **120** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या **24** से **26** अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या **27** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** से **180** शब्दों में लिखिए।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के **1** अंक के प्रश्न हैं।* *12×1=12*

**1.** कौन-से देश में 2001 में वर्ल्ड सोशल फोरम (डब्ल्यू.एस.एफ.) की पहली बैठक आयोजित की गई थी ?

(A) ब्राज़ील
(B) दक्षिण अफ्रीका
(C) जापान
(D) इटली

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प वैश्वीकरण का कारण ***नहीं*** है ?

(A) पूँजी का प्रवाह
(B) तकनीकी उन्नति
(C) अल्पविकसित देशों की ग़रीबी
(D) विचारों का प्रवाह

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – questions number **1** to **12** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – questions number **13** to **18** are Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **50** to **60** words.*

*(v)* ***Section C** – questions number **19** to **23** are Long Answer type-I questions. Each question carries **4** marks. Write answer to each question in **100** to **120** words.*

*(vi)* ***Section D** – questions number **24** to **26** are Passage, Cartoon and Map-based questions. Each question carries **4** marks. Answer each question accordingly.*

*(vii)* ***Section E** – questions number **27** to **30** are Long Answer type-II questions. Each question carries **6** marks. Write answer to each question in **170** to **180** words.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

*Questions number **1** to **12** are Multiple Choice type questions, carrying **1** mark each.* *12×1=12*

**1.** In which country was the first meeting of the World Social Forum (WSF) held in 2001 ?

(A) Brazil (B) South Africa

(C) Japan (D) Italy

**2.** Which one of the following options is ***not*** a cause of globalisation ?

(A) Flow of capital

(B) Technological advancement

(C) Poverty of the underdeveloped countries

(D) Flow of ideas

*प्रश्न संख्या **3** के लिए, दो कथन दिए गए हैं – जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।*

**3.** *अभिकथन (A) :* एच.आई.वी-एड्स, बर्ड फ्लू और कोरोना जैसी महामारियाँ स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए नए खतरे हैं।

*कारण (R) :* सुरक्षा में सैनिक खतरों से परे मानव जीवन को प्रभावित करने वाले खतरों की विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया जाता है।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

**4.** शब्दों का उनके अर्थों से सही मिलान कीजिए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | आतंकवाद | : | (i) | देशों का आपसी मेल |
| (b) | निरस्त्रीकरण | : | (ii) | राजनीतिक हिंसा |
| (c) | गठबंधन | : | (iii) | खतरों का नहीं होना |
| (d) | सुरक्षा | : | (iv) | विशेष प्रकार के हथियारों को त्यागना |

विकल्प :

(A) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

(B) a-(iii), b-(i), c-(iv), d-(ii)

(C) a-(ii), b-(iv), c-(iii), d-(i)

(D) a-(ii), b-(iii), c-(iv), d-(i)

**5.** 2017 में निम्नलिखित में से किस देश की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी ?

(A) जर्मनी (B) फ्रांस

(C) दक्षिण कोरिया (D) जापान

**6.** निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) यूरोपीयन इकोनॉमिक कम्युनिटी का गठन

(ii) आसियान की स्थापना

(iii) चीन में कृषि का निजीकरण

(iv) भारत-चीन युद्ध

सही विकल्प चुनिए :

(A) (i), (iii), (ii), (iv) (B) (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (ii), (iv), (i), (iii) (D) (ii), (i), (iv), (iii)

*For Question number **3**, two statements are given — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below.*

**3.** *Assertion (A) :* Health epidemics such as HIV-AIDS, Bird Flu and Coronavirus are the new threats to security.

*Reason (R) :* Security goes beyond military threats to include a wide range of threats affecting the human life.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**4.** Match the terms with their meaning :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Terrorism | : | (i) | Coalition of countries |
| (b) | Disarmament | : | (ii) | Political violence |
| (c) | Alliance | : | (iii) | Absence of threats |
| (d) | Security | : | (iv) | Giving up certain kind of weapons |

Options :

(A) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

(B) a-(iii), b-(i), c-(iv), d-(ii)

(C) a-(ii), b-(iv), c-(iii), d-(i)

(D) a-(ii), b-(iii), c-(iv), d-(i)

**5.** Which one of the following was the third largest economy of the world in 2017 ?

(A) Germany  (B) France

(C) South Korea  (D) Japan

**6.** Arrange the following in chronological order :

(i) Formation of the European Economic Community

(ii) Establishment of ASEAN

(iii) Privatisation of Agriculture in China

(iv) India's war with China

Choose the correct option :

(A) (i), (iii), (ii), (iv)  (B) (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (ii), (iv), (i), (iii)  (D) (ii), (i), (iv), (iii)

**7.** निम्नलिखित में से किस राजनीतिक पार्टी ने 'गाँधीवादी समाजवाद' को अपनी विचारधारा के रूप में स्वीकार किया ?

(A) भारतीय जनता पार्टी

(B) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया

(C) नेशनल कॉन्फ्रेंस

(D) सोशलिस्ट पार्टी

**8.** 2004 के चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस द्वारा बनाए गए गठबंधन का सही नाम चुनिए।

(A) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन

(B) संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन

(C) नेशनल फ्रंट (राष्ट्रीय मोर्चा)

(D) यूनाइटेड फ्रंट (संयुक्त मोर्चा)

**9.** निम्नलिखित में से कौन योजना आयोग का अध्यक्ष था ?

(A) भारत के राष्ट्रपति (B) भारत के प्रधान मंत्री

(C) योजना मंत्री (D) गृह मंत्री

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा नीति (NITI) आयोग का सही पूर्ण रूप है ?

(A) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन

(B) नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया

(C) न्यू इंस्टीट्यूशन ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंफॉर्मेशन

(D) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग इंडिया

**11.** भारतीय जनसंघ के संस्थापक कौन थे ?

(A) अटल बिहारी वाजपेयी (B) दीन दयाल उपाध्याय

(C) बलराज मधोक (D) श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**12.** उस राजनीतिक पार्टी का नाम चुनिए जिसने 1952 से 1957 तक जम्मू-कश्मीर पर शासन किया।

(A) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (B) नेशनल कॉन्फ्रेंस

(C) स्वतंत्र पार्टी (D) पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट

**7.** Which one of the following political parties embraced 'Gandhian Socialism' as its ideology ?

(A) Bharatiya Janata Party

(B) Communist Party of India

(C) National Conference

(D) Socialist Party

**8.** Choose the correct name of the alliance made by the Indian National Congress in the elections of 2004.

(A) National Democratic Alliance

(B) United Progressive Alliance

(C) National Front

(D) United Front

**9.** Who among the following was the Chairperson of the Planning Commission ?

(A) President of India (B) Prime Minister of India

(C) Minister of Planning (D) Home Minister

**10.** Which one of the following is the correct full form of NITI Aayog ?

(A) National Institute of Technological Innovation

(B) National Institution for Transforming India

(C) New Institution of Technology and Information

(D) National Institute of Training India

**11.** Who was the founder of Bharatiya Jana Sangh ?

(A) Atal Bihari Vajpayee (B) Deen Dayal Upadhyaya

(C) Balraj Madhok (D) Shyama Prasad Mukherjee

**12.** Choose the name of the political party that ruled Jammu and Kashmir from 1952 to 1957.

(A) Indian National Congress (B) National Conference

(C) Swatantra Party (D) People's Democratic Front

## खण्ड ख

**13.** वैश्विकरण ने किस प्रकार आपके निकट के बाज़ारों को प्रभावित किया है ? किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से दर्शाइए। *2*

**14.** क्योटो प्रोटोकॉल पर किस देश में हस्ताक्षर किए गए थे ? इस प्रोटोकॉल से छूट प्राप्त करने वाले किन्हीं दो देशों के नाम लिखिए। $1+2\times\frac{1}{2}=2$

**15.** मुस्लिम लीग द्वारा प्रस्तुत 'द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त' की व्याख्या कीजिए। *2*

**16.** क्षेत्रीय आकांक्षाओं के दृष्टिगत भारत में अपनाए गए लोकतांत्रिक दृष्टिकोण का आकलन कीजिए। *2*

**17.** प्रथम तीन आम चुनावों में काँग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए। $2\times1=2$

**18.** श्रीलंका के लोकतंत्र और भारत के लोकतंत्र के बीच कोई एक आधारभूत अंतर उजागर कीजिए। *2*

## खण्ड ग

**19.** एक महत्त्वपूर्ण संसाधन के रूप में 'जल' के उदाहरण की सहायता से संसाधनों की भू-राजनीति की व्याख्या कीजिए। *4*

**20.** अपारम्परिक सुरक्षा को खतरे के किन्हीं दो नए स्रोतों की व्याख्या कीजिए। $2\times2=4$

**21.** (क) 1969 में काँग्रेस पार्टी को विभाजन की ओर ले जाने वाली किन्हीं दो घटनाओं का वर्णन कीजिए। $2\times2=4$

**अथवा**

(ख) भारत से ग़रीबी हटाने के लिए इन्दिरा गाँधी द्वारा उठाए गए किन्हीं चार कदमों का वर्णन कीजिए। $4\times1=4$

**22.** (क) भारत और बांग्लादेश के बीच सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) नेपाल में राजशाही से लोकतंत्र में परिवर्तित होने की प्रक्रिया का विश्लेषण कीजिए। *4*

**23.** पंजाब में 1967 से लेकर 1980 के बीच बनी अशान्ति के किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए। $2\times2=4$

## SECTION B

**13.** How has globalisation impacted the markets near you ? Show with the help of any two examples. *2*

**14.** In which country was the Kyoto Protocol signed ? Name any two countries which were exempted from the Protocol. $1+2\times\frac{1}{2}=2$

**15.** Explain the 'Two-Nation theory' as advanced by the Muslim League. *2*

**16.** Assess the democratic approach adopted in India in view of the regional aspirations. *2*

**17.** Explain any two reasons for the dominance of the Congress Party in the first three general elections. $2\times1=2$

**18.** Highlight any one basic difference between the democracy in Sri Lanka and the democracy in India. *2*

## SECTION C

**19.** Explain the geo-politics of resources with the help of the example of 'water' as a crucial resource. *4*

**20.** Explain any two new sources of threat to Non-traditional Security. $2\times2=4$

**21.** (a) Describe any two events that led to the split in the Congress Party in 1969. $2\times2=4$

**OR**

(b) Describe any four steps taken by Indira Gandhi to eradicate poverty (Garibi Hatao) in India. $4\times1=4$

**22.** (a) Analyse the relations between India and Bangladesh. *4*

**OR**

(b) Analyse the process of transition from monarchy to democracy in Nepal. *4*

**23.** Analyse any two reasons for the unrest in Punjab from 1967 to 1980. $2\times2=4$

## खण्ड घ

**24.** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

"आज़ादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ कि काँग्रेस पार्टी लोक सभा का चुनाव हार गई। काँग्रेस को लोक सभा में केवल 154 सीटें मिली थीं। लोक सभा में जनता पार्टी और इसके साथी दलों को 330 सीटें मिलीं। उत्तर भारत में चुनावी माहौल काँग्रेस के एकदम खिलाफ़ था। काँग्रेस बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से एक भी सीट प्राप्त नहीं कर सकी।"

(i) उपर्युक्त अवतरण में लोक सभा के कौन-से आम चुनावों का जिक्र है ?

(A) चौथे (B) पाँचवें

(C) छठे (D) सातवें

(ii) लोक सभा की कुल कितनी सीटों के लिए चुनाव करवाया जाता है ?

(A) 540 (B) 541

(C) 542 (D) 543

(iii) जनता पार्टी की जीत के बाद निम्नलिखित में से कौन भारत के उप-प्रधान मंत्री थे ?

(A) चौ. चरण सिंह

(B) अटल बिहारी वाजपेयी

(C) एल.के. आडवाणी

(D) चन्द्र शेखर

(iv) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ से उपर्युक्त चुनावों में काँग्रेस पार्टी केवल एक सीट ही जीत पाई थी।

(A) गुजरात (B) पश्चिम बंगाल

(C) राजस्थान (D) जम्मू-कश्मीर

## SECTION D

**24.** Read the following passage carefully and answer the questions based on it : *4×1=4*

"For the first time since independence, the Congress Party was defeated in the Lok Sabha elections. The Congress could win only 154 seats in the Lok Sabha. The Janata Party and its allies won 330 seats in the Lok Sabha. It was a massive electoral wave against the Congress in North India. The Congress lost in every constituency in Bihar, Uttar Pradesh, Delhi, Haryana and Punjab."

(i) The above passage refers to which general elections to the Lok Sabha ?

(A) $4^{th}$ (B) $5^{th}$

(C) $6^{th}$ (D) $7^{th}$

(ii) For how many total seats of the Lok Sabha are the elections held ?

(A) 540 (B) 541

(C) 542 (D) 543

(iii) Who among the following was the Deputy Prime Minister of India after the victory of the Janata Party ?

(A) Ch. Charan Singh

(B) Atal Bihari Vajpayee

(C) L.K. Advani

(D) Chandra Shekhar

(iv) Name the state from where the Congress Party could win only one seat in the above said elections.

(A) Gujarat (B) West Bengal

(C) Rajasthan (D) Jammu and Kashmir

**25.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर), में चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में अंकित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर, इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : *4×1=4*

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |


(i) महाराजा बोधचन्द्र सिंह से सम्बन्धित राज्य

(ii) 1966 में बनाया गया राज्य

(iii) वह राज्य जो पहले मध्य प्रदेश का एक भाग था

(iv) जून 2014 में बनाया गया राज्य

प्रश्न सं. 25 के लिए


भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
C
B
A
D
km
Scale 1:15000,000
km
100 50 0
100 200 300 400 500

**25.** In the given political outline map of **India** (on page 15), four States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ. Identify these States on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format : *4×1=4*

| Serial number of the information used | Concerned alphabet given in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |


(i) The State to which Maharaja Bodhchandra Singh belonged

(ii) The State which was created in 1966

(iii) The State which earlier was a part of Madhya Pradesh

(iv) The State which was created in June 2014

**For question no. 25**



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***25*** *के स्थान पर हैं :* *4×1=4*


(25.1) मध्य प्रदेश से अलग कर बनाए गए राज्य का नाम लिखिए।

(25.2) उस राज्य का नाम लिखिए जिससे महाराजा बोधचन्द्र सिंह का सम्बन्ध था।

(25.3) भारत के प्रथम गृह मंत्री का नाम लिखिए।

(25.4) ऐसे किन्हीं दो रजवाड़ों के नाम लिखिए जो प्रारम्भ में भारत संघ का भाग बनने को तैयार नहीं थे।

**26.** नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*




(i) निम्नलिखित में से कौन-सा वैध कारण चीन का प्रतिनिधित्व करने के लिए 'साइकिल' को चुनने के लिए सही है ?

(A) साइकिल का प्रयोग करने में चीन विश्व का सबसे अग्रणी देश है।

(B) यह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतीक चिह्न है।

(C) यह चीन की गरीबी को दर्शाती है।

(D) चीन में साइकिल चलाना एक लोकप्रिय खेल है।

(ii) साइकिल के पिछले पहिये में 'डालर' क्या दर्शाता है ?

(A) चीन पर अमरीकी अर्थव्यवस्था का प्रभाव

(B) दोनों के बीच आधे-आधे की भागीदारी

(C) चीन की अमरीकी अर्थव्यवस्था पर निर्भरता

(D) अमरीका द्वारा चीन को दी गई आर्थिक सहायता

(iii) चीन में प्रारम्भिक वर्षों में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था थी ?

(A) पूँजीवादी (B) उदारवादी

(C) समाजवादी (D) मिश्रित

**Note :** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***25*** *:* *4×1=4*


(25.1) Name the state that was carved out of Madhya Pradesh.

(25.2) Name the state to which Maharaja Bodhchandra Singh belonged.

(25.3) Name the first Home Minister of India.

(25.4) Name any two princely states that initially were not ready to become a part of the Union of India.

**26.** Study the cartoon given below and answer the questions based on it : *1+1+2=4*




(i) Which one of the following is the valid reason to choose 'cycle' to represent China ?

(A) China is the largest user of cycles in the world.

(B) It is the symbol of Communist Party of China.

(C) It shows poverty in China.

(D) Popularity of cycling as a sport in China.

(ii) What does the dollar in the rear wheel of the cycle depict ?

(A) The influence of the US economy on China

(B) Fifty percent partnership of the two

(C) Dependence of China on US economy

(D) Economic aid to China by US

(iii) Which form of economy was popular initially in China ?

(A) Capitalist (B) Liberal

(C) Socialist (D) Mixed

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कार्टून द्वारा दिए गए सन्देश की सबसे सही अभिव्यक्ति है ?

(A) चीन केवल अमरीकी अर्थव्यवस्था के लिए खुला है।

(B) चीन ने अमरीका के साथ व्यापारिक सम्बन्ध स्थापित कर लिए हैं।

(C) चीन केवल यूरोपीय देशों के साथ कार्य करता है।

(D) चीन ने डालर को अपनी मुद्रा बना लिया है।

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं :* *4×1=4*

(26.1) चीन के साथ अपनी सीमा साझा करने वाले किन्हीं दो देशों के नाम लिखिए।

(26.2) 'खुले द्वार' की नीति घोषित करने वाले चीन के नेता का नाम लिखिए।

(26.3) चीन में उद्योगों का निजीकरण किस वर्ष अपनाया गया था ?

(26.4) चीन के साथ सम्बद्ध किसी एक प्रतीक का नाम लिखिए।

## खण्ड ङ

**27.** (क) 1988 से 1993 के बीच भारत में घटी किन्हीं चार राजनीतिक घटनाओं का वर्णन कीजिए। $4\times1\frac{1}{2}=6$

**अथवा**

(ख) 1989 से 2004 तक के 'गठबंधन सरकारों के युग' के किन्हीं चार परिणामों का वर्णन कीजिए। $4\times1\frac{1}{2}=6$

**28.** (क) भारत द्वारा सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य बनने के लिए प्रस्तुत दावे को किन तीन आधारों पर न्यायोचित ठहराया जाता है ? व्याख्या कीजिए। *3×2=6*

**अथवा**

(ख) संयुक्त राष्ट्र जैसे अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता की व्याख्या कीजिए। *6*

**29.** (क) भारत की विदेश नीति को निर्मित एवं लागू करने में प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की भूमिका का वर्णन कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों में से किन्हीं तीन का वर्णन कीजिए। *3×2=6*

**30.** (क) सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारणों की परख कीजिए। *3×2=6*

**अथवा**

(ख) सोवियत संघ के विघटन के बाद भारत और रूस के बीच मैत्रीपूर्ण एवं सहयोगात्मक सम्बन्धों के किन्हीं तीन कारणों की परख कीजिए। *3×2=6*

(iv) Which one of the following option is the most appropriate message given by the cartoon ?

(A) China is open only to US economy.

(B) China has established trade relations with US.

(C) China works only with European countries.

(D) China has adopted dollar as its currency.

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***26*** *:* *4×1=4*

(26.1) Name any two countries that share their borders with China.

(26.2) Name the leader of China who announced the 'Open door' policy.

(26.3) In which year was the privatisation of industries adopted in China ?

(26.4) Name any one symbol associated with China.

## SECTION E

**27.** (a) Describe any four political developments in India that took place between 1988 to 1993. $4\times1\frac{1}{2}=6$

**OR**

(b) Describe any four consequences of the 'Era of Coalition governments' starting from 1989 to 2004. $4\times1\frac{1}{2}=6$

**28.** (a) Explain the three basis on which India justifies its claim to be a permanent member of the Security Council. *3×2=6*

**OR**

(b) Explain the need for an international organisation like the United Nations. *6*

**29.** (a) Describe Prime Minister Jawaharlal Nehru's role in formulating and implementing the foreign policy of India. *6*

**OR**

(b) Describe any three of the Directive Principles of State Policy for the promotion of international peace and security. *3×2=6*

**30.** (a) Examine any three reasons responsible for the disintegration of the Soviet Union. *3×2=6*

**OR**

(b) Examine any three reasons for the friendly and cooperative relations between India and Russia after the disintegration of the Soviet Union. *3×2=6*